तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

14 ककरेल में फाइलेरिया रोधी और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति...

13 मां झरन मैय्या प्राचीन मंदिर में तृतीय वर्ष श्री शिवमहापुराण..




## खबर संक्षेप

### विधानसभा सत्र पर अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**बालोद।** छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का अष्टम सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक आहूत किया गया है। जिसके अंतर्गत विधानसभा अष्टम सत्र के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिंबध रहेगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा के अष्टम सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने हेतु अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधानसभा अष्टम सत्र 2026 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए उनके नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाईल नंबर की जानकारी इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का अष्टम सत्र के दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### महाशिवरात्रि पर भव्य मेला महोत्सव 15 फरवरी को

**अंडा।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 15 फरवरी 2026, रविवार को क्षेत्र के ग्राम आलबरस एवं ग्राम आमटी में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दोनों ग्रामों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



ग्राम पंचायत आलबरस में शिव मंदिर परिसर एवं पंचायत भवन में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख ने समस्त ग्रामवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यहां पारंपरिक तिरगा एवं झोला मंडई मेला भी लगाया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।आलबरस में रात्रि 11 बजे से भजन-कीर्तन एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के साथ छत्तीसगढी कार्यक्रम मोर मयारू संगी टेरेसरा की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं ग्राम आमटी में तान्दुला नदी किनारे स्थित मेला स्थल पर भव्य मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, पटेल एवं निषाद समाज के मंदिर में दोपहर 12 बजे से पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके पश्चात विभिन्न धार्मिक गतिविधियां संपन्न होंगी। शेष पेज 13 पर



# सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट में 13 से रोमांच व संस्कृति का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट का 13 फरवरी को शुभारंभ होगा। बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय के मनोरम पर्यटन स्थल में 13 से 15 फरवरी तक सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बैंबू राफ्टिंग, फ्लोटिंग बलून, हॉट एयर बलून, बोटिंग, एडवेंचर एक्टिविटी, स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय व्यंजन, बच्चों के लिए मनोरंजन, युवाओं के लिए एडवेंचर आदि गतिविधियां की जाएगी। जिला प्रशासन बालोद द्वारा आयोजित यह इको एडवेंचर फेस्ट स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने, रोजगार तथा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल है।



**विडंबना**

**करोड़ों की लागत से बना ढांचा बेकार, ग्रामीण पेयजल को तरसे**

# खैरडिगी में जल जीवन मिशन अधूरा दो साल बाद भी नहीं हो रही जलापूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाए जाने पानी टंकी व नल कनेक्शन का निर्माण किया गया है। लेकिन हकीकत में इस योजना से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत मुड़गहन के आश्रित ग्राम खैरडिगी में देखा जा सकता है।

> ■ टंकी पूरी पाइपलाइन बिछी, पर टंकी से जल सप्लाई अब तक बंद

जहां पानी टंकी निर्माण कार्य लगभग 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इसके बावजूद भी ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में परेशानी उठानी पड़ेगी। ठेकेदार के मनमानी के चलते ग्रामीणों को शुद्ध पेज के लिए तरसना पड़ रहा है। उल्लेख है कि करोड़ रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कर तो दिया गया है किंतु आम लोगों को पानी अभी तक नसीब नहीं हो सका है। शासन के महत्वाकांक्षी योजना से जुड़े ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वही ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण लगभग दो वर्ष हो चुका है। इसके पश्चात पाइपलाइन एवं नल कनेक्शन का कार्य किया जा चुका है। जिसमें सभी घरों में नल कनेक्शन लगाया जा चुका है। किंतु यह समझ से परे हैं कि पानी टंकी से पानी क्यों नहीं दिया जा रहा है।





आपको बता दे कि जिस स्थान पर पानी टंकी निर्माण किया गया है वह भी कार्य अधूरा है जहां पानी टंकी के पास साफ सफाई एवं कार्य पूर्ण नहीं होने के चलते घास फूस उग आए हैं सूचना पटल में भी जानकारी नहीं दी गई है। उक्त ठेकेदार के मनमानी के चलते कार्य को पूरा नहीं किया गया है। जिससे कि ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले में ग्राम पंचायत सरपंच रेशमा सिन्हा ने बताया कि उक्त ठेकेदार को लगातार कार्य को पूर्ण करने के लिए संपर्क किया जा रहा है। किंतु उक्त ठेकेदार द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत जिला कलेक्टर एवं विधायक से किया जा चुका है किंतु आज भी कार्य अधूरा है।

# पति की तलाक याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाटाबोड़

कुटुंब न्यायालय, बालोद ने एक महत्वपूर्ण वैवाहिक विवाद में स्पष्ट किया कि कोई भी पक्ष अपने ही गलत आचरण का लाभ उठाकर विवाह-विच्छेद की मांग नहीं कर सकता। मामले में पत्नी 8 वर्ष से अलग निवासरत है, इस कारण से तलाक की मांग पति के द्वारा किया गया था, पत्नी ने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब पेश कर बताया कि, पति का एक पुलिसकर्मी से विवाहेतर संबंध और उससे 10 वर्षीय पुत्री है, इसी कारण उसे को मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी और वह 8 वर्षों से अलग रहने को मजबूर हुई। पति ने अलगाव का आधार लेकर तलाक की याचिका दायर की, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। पत्नी की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए।

> ■ अपने गलत आचरण से लाभ उठाने की कोशिश

न्यायालय ने कहा कि यदि विवाद का कारण स्वयं पति का विवाहेतर आचरण है, तो वह उसी आधार पर तलाक नहीं मांग सकता। केवल लंबे समय से अलग रहना तलाक का स्वतः आधार नहीं है। वैधानिक क्रूरता सिद्ध होना आवश्यक है। कानूनी बिंदु विवाहेतर संबंध से उत्पन्न मानसिक क्रूरता सिद्ध होने पर ही राहत दी जा सकती है।

# मडियाकट्टा-कसही मार्ग के निर्माण में लीपापोती का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर से मडियाकट्टा व्हाया कसही मार्ग (कुल लंबाई 4.66 किमी) पर किए जा रहे संधारण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो-तीन वर्ष पूर्व निर्मित इस मार्ग का वर्तमान में जो संधारण कार्य किया जा रहा है, वह पूरी तरह से अपर्याप्त और केवल "लीपापोती" बनकर रह गया है। सूचना फलक में कार्य प्रारंभ तिथि, कार्य पूर्ण तिथि सहित अन्य आवश्यक जानकारियाँ निरंक होना भी विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर कहीं-कहीं केवल डामर के छोटे-छोटे पैच लगाकर औपचारिकता निभाई जा रही है, वह भी उबड़-खाबड़ तरीके से, जिससे मार्ग पहले से अधिक असुविधाजनक हो गया है। जबकि पूरे मार्ग पर व्यापक मरम्मत और गुणवत्तापूर्ण संधारण की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूर्व में किया गया डामरीकरण भी पूरी तरह गुणवत्ता हीन था। रोड निर्माण के समय मडियाकट्टा ग्राम के ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क को उखाड़कर पुनः डामरीकरण किया गया था, लेकिन उसके बाद भी मात्र एक-दो किलोमीटर का हिस्सा ही ठीक-ठाक बनाया गया, शेष पूरे मार्ग को फिर से घटिया गुणवत्ता के साथ बनाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह स्थिति विभागीय उदासीनता और कार्य में गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। कसही के उपसरपंच नरेंद्र साहू, पंच यशवंत साहू सहित ग्रामवासियों ने संधारण कार्य को अपर्याप्त बताते हुए इसे तत्काल रोके जाने तथा पूरे मार्ग का गुणवत्तापूर्ण, स्थायी और तकनीकी मानकों के अनुरूप संधारण कराने की मांग की है।

> ■ उपसरपंच व पंच ने गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण की उठाई मांग



ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का समुचित पुनर्निर्माण एवं संधारण कार्य नहीं किया गया, तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को शेष पेज 13 पर




**बच्चों को टिफिन लेकर आना पड़ रहा स्कूल**

# मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ का धरना जारी, स्कूलों में भोजन व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

अपनी मांगो को लेकर मध्यान भोजन संघ 40वें दिन रायपुर में धरना प्रदर्शन में सम्मिलित हुई, जिसके कारण स्कूलो में मध्यान भोजन नही मिलने के कारण स्कूली बच्चों को घरो से टिफिन लेकर स्कूलो में जाकर खाना पड़ रहा है।

अपनी विभिन्न मांगो को शासन प्रशासन के पास विभिन्न तरीके से रखने तथा लगातार ज्ञापन सौपने के बाद भी अपनी मांगो को पूरा ना होता देख जिले के मध्यान भोजन रसोईया संघ के रसोईयां जिला स्तर पर अपनी मांगो को लेकर आवाज उठाने के बाद प्रदेश स्तर पर रायपुर में जाकर पिछले 40 दिन से प्रदेश रसोईयां संघ के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होकर अपनी मांगो को प्रदेश स्तर पर पहुंचाते दिख रहे है। वही जिले के रसोईयो द्वारा अपनी मांगो को लेकर किए जा रहे धरना प्रदर्शन का असर जिले के स्कूलो में देखने को मिल रहा है, जहां रसोइयो के नही आने के कारण अधिकांश स्कूलो में खाना नही बनने के कारण स्कूली बच्चो को टिफिन लेकर स्कूल आना पड़ रहा है। वही इस बीच अधिकारियो व स्कूल प्रशासन के कड़े रूख के बाद मध्यान भोजन संचालक समूह द्वारा रसोईयो की व्यवस्था कही कही पर किया भी जा रहा है, लेकिन रसोईयो के नही आने के कारण कई स्कूलो में सप्ताह के तीन से चार दिन ही बच्चो को मध्यान भोजन उपलब्ध हो रहा है बाकी दिन रसोईयो के जगह आने वाले कर्मचारी नही आने के कारण संचालक समूह व स्कूल प्रबंधन को कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है।





वही कई जगह रसोईया की व्यवस्था नही होने के कारण बच्चे टिफिन लाने को मजबूर है। वही मध्यान भोजन संघ का मांग है कि रसोईयो का मानदेय बढ़ाया, रसोईयो का शासकीयकरण किया जाए। वही संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि 6 फरवरी से अपनी मांगो को लेकर प्रारंभ हुआ उनका धरना प्रदर्शन 28 फरवरी तक जारी रहेगा तथा आगे शासन प्रशासन द्वारा उनकी मांगो को गंभीरता से नही लिया जाता तो संघ द्वारा अन्य कदम उठाए जाने की बात कही गई है।

## खबर संक्षेप

### मजदूरों की हड़ताल आज, छावनी चौक से निकलेगा जुलूस

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने 12 फरवरी को प्रस्तावित आम हड़ताल को लेकर तैयारी तेज कर दी है। समिति के कलादास डेहरिया ने जानकारी दी कि भिलाई औद्योगिक क्षेत्र के छावनी चौक में मजदूरों के बीच जनसंपर्क और नारेबाजी कर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि आंदोलन के दौरान चार श्रम कानूनों को रद्द करने, किसान विरोधी ट्रेड बिल वापस लेने और आम हड़ताल को सफल बनाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। हड़ताल से पहले विभिन्न चौक-चौराहों पर पर्चा वितरण अभियान चलाया गया। मजदूरों से लगातार संपर्क कर 12 फरवरी को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के साथ मेहनतकश आवास अधिकार संघ हॉस्पिटल सेक्टर, प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ और महिला मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हैं। समिति के अनुसार 12 फरवरी को छावनी चौक से जुलूस भी निकाला जाएगा। पर्चा वितरण में ब्रह्मा, संजना, महेश, नीरा, मुस्कान, गीता, बेबी और किशन शामिल थे।

### जिला चिकित्सालय में स्टॉफ की कमी, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में कार्मिकों की कमी को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 500 बिस्तरों वाला यह अस्पताल प्रतिदिन 1000 से अधिक मरीजों को सेवा दे रहा है। यहां स्थानीय के साथ-साथ अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में वाहन चालक, ड्रेसर और रेडियोग्राफर के पद स्वीकृत हैं, लेकिन नियुक्तियां नहीं होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। आपातकालीन सेवाओं से लेकर जांच और उपचार तक, कई व्यवस्थाएं सीमित संसाधनों के सहारे चल रही हैं। इसका असर सेवा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। इसी मुद्दे पर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह को मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, सीताराम ठाकुर और रमेश साहू मौजूद थे।

### रामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि 15 को

**दुर्ग।** स्थानीय मोतीपारा स्टेशन रोड लुचकी तालाब के किनारे स्थित रामेश्वर महादेव जन सेवा समिति द्वारा श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। दोपहर 2 बजे से रूद्राभिषेक एवं हवन, महाआरती व शाम 6 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

**श्री शिव सिद्धि विनायक मंदिर:** श्री शिव सिद्धि विनायक मंदिर गणपति चौक विवेकानंद नगर में भी 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। दोपहर में रूद्राभिषेक, हवन, महाआरती व शाम को महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

# शास्त्री अस्पताल सुपेला में आवारा कुत्तों की भरमार, दहशत में मरीज और स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के प्रमुख शासकीय स्वास्थ्य केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में इन दिनों आवारा कुत्तों का झुंड खुलेआम घूमता दिखाई दे रहा है। ओपीडी से लेकर वार्ड के बाहर तक, हर हिस्से में कुत्तों की मौजूदगी ने मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ा दी है।

अस्पताल जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थान पर इस तरह कुत्तों का डेरा जमाना व्यवस्था पर भी सवाल है। यहां रोज सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गंभीर मरीज शामिल होते हैं। ऐसे में परिसर में घूमते कुत्ते किसी भी समय खतरा बन सकते हैं। मरीजों और परिजनों का कहना है कि सुबह से देर रात तक कुत्ते परिसर में मंडराते रहते हैं।

कई बार ये आपस में लड़ने लगते हैं, जिससे अफरा-तफरी मच जाती है। लोग डर के कारण रास्ता बदलने को मजबूर हो जाते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के साथ आए परिजन लगातार सतर्क रहते हैं कि कहीं कुत्ते अचानक झपट न पड़ें।

## ओपीडी से लेकर वार्ड के बाहर तक हर हिस्से में कुत्तों की मौजूदगी

### अस्पताल स्टॉफ भी हैं परेशान

अस्पताल स्टाफ भी इस समस्या से परेशान है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार कुत्ते लोगों को दौड़ा देते हैं। भगाने की कोशिश की जाती है, लेकिन वे फिर लौट आते हैं। पूरे अस्पताल परिसर को उन्होंने अपना ठिकाना बना लिया है। अस्पताल स्टाफ ने नगर निगम से मांग की है कि तत्काल कार्रवाई कर इन आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और परिसर को सुरक्षित बनाया जाए। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले लोगों को इलाज के साथ सुरक्षा का भरोसा भी मिलना चाहिए। अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### निगम टीम पहुंची थी

एक बार शिकायत पर आवारा कुत्तों को पकड़ने नगर निगम की टीम आई थी, लेकिन दूसरी बार टीम नहीं पहुंची। **-डॉ. पीयाम सिंह**, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल सुपेला

## राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने ली बैठक

# 5 एकड़ जगह में बनेगा साथी बाजार, किसानों को मिलेगी अपने उत्पाद बेचने के लिए जगह

## हुडको में जगह का चयन, अगले दो साल में बनकर हो जाएगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केंद्र सरकार ही महती योजना साथी बाजार पर काम शुरू हो गया है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर दुर्ग पहुंचे। उन्होंने जिला बीज निगम की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिले में बीज वितरण, भंडारण, गुणवत्ता, किसानों तक समय पर बीज उपलब्धता तथा आगामी कृषि सत्र की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीजेपी किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार भी प्रमुख रूप से मौजूद थे। चंद्राकर ने कहा कि किसान अपनी उपज धान को थोक भाव में बेचने को विवश होता है, पर वही चावल उसे बाजार से चिल्हर दरों पर महंगे मूल्य में खरीदना पड़ता है। यही स्थिति गेहूं, चना, धनिया, मिर्च आदि अन्य कृषि उत्पादों के साथ भी है। किसान स्वयं गेहूं, चना, धनिया, मिर्च जैसी फसलों का उत्पादन करे, उनका प्रसंस्करण करे। उन्हें सीधे चिल्हर भाव में उपभोक्ताओं तक बेच सके, तो किसान की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। इसी कॉन्सेप्ट पर साथी बाजार योजना शुरू होने जा रही है।

बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, राइस मिल्स प्रसंस्करण प्रकल्प के प्रदेश संयोजक विनायक ताम्रकार, राजेन्द्र पाध्ये, भास्कर तिवारी उपस्थित थे।




### 154 से ज्यादा दुकानें एक ही जगह खोलने की तैयारी

दुर्ग जिला में प्रदेश का पहला साथी बाजार सालभर में बनकर तैयार हो जाएगा। जो किसानों, महिला स्व सहायता समूहों एवं आम जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। जिले में साथी बाजार के संचालन हेतु दुर्ग श्री किसान उत्पादक संगठन का गठन किया गया है। जिसमें जिले के किसान उत्पादक संगठनों एवं स्व सहायता समूहों के अलावा चेम्बर ऑफ कॉमर्स व कैट के पदाधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। वर्तमान में साढ़े 6 हजार सदस्य बनाए जा चुके हैं। जिले में संगठन का 10 हजार सदस्य बनाया जाना है, जिनमें से 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सदस्य बनाते समय प्रत्येक ग्राम में 20 सदस्यों की भूमिका सुनिश्चित की जाएगी।

### संगठन को मिलेगा 5 प्रतिशत का लाभांश

जानकारी के मुताबिक साथी बाजार में होने वाले समस्त विक्रय पर संगठन को 5 प्रतिशत तक का लाभ प्राप्त होगा। जिसे सदस्यों को वितरित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम से चयनित सदस्यों द्वारा साथी बाजार में स्थापित स्वदेशी उत्पादों की मार्केटिंग अपने ग्राम में की जाएगी। इस हेतु उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सदस्यों द्वारा किए गए विक्रय के लिए कंपनियों के माध्यम से उन्हें पृथक से कमीशन उपलब्ध करवाया जाएगा और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। इस योजना में व्यापारिक संगठनों को भी जोड़ा जा रहा है, ताकि एक बेहतर और सर्वसुविधायुक्त बाजार लोगों को उपलब्ध हो, जहां सस्ते दर में सामान उपलब्ध हो सके।

### रुआबांधा में खुलेगा शॉपिंग मॉल की तर्ज पर साथी बाजार

छत्तीसगढ़ का पहला साथी बाजार दुर्ग में खोला जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को दुर्ग जिले के रुआंबांधा में साथी बाजार स्थापना के लिए 5 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई गई है। साथी बाजार स्थापना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना, महिला स्व सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाना एवं केन्द्र सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को साथी बाजार के साथ जोड़कर योजनाओं का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करना है। साथी बाजार में 154 प्रकार के उत्पादों की बिक्री के साथ जरुरत की सभी आवश्यक उत्पादों का भंडार होगा। इसके अलावा साथी बाजार में ही कई उत्पादों की प्रोसेसिंग की जाएगी। यहां किसानों को कोल्ड स्टोरेज व ग्राहकों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। यह साथी बाजार मूलतः स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के लिए होगा, लेकिन ग्राहकों की पसंद को ध्यान रखते हुए राष्ट्रीय कंपनी के उत्पाद को भी स्थान दिया जाएगा।

### केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना

"यह केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस पर तेजी से काम हो रहा है। किसानों को अपना उत्पाद तैयार कर बेचने के लिए बाजार उपलब्ध हो सकेगा। उपभोक्ता को सामान्य से कम कीमत में सामान उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। **-विनायक ताम्रकार**, संयोजक प्रदेश प्रसंस्करण प्रकल्प, भाजपा

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- भिलाई भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। सुबह 7 बजे कार्यक्रम की शुरुआत उनके तेलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रभुनाथ मिश्रा, शिरीष अग्रवाल और पुरुषोत्तम देवांगन ने विचार रखे। जिलाध्यक्ष देवांगन ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित किया। एकात्म मानववाद के माध्यम से उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच दी। उन्होंने कहा कि पार्टी अनुशासन और समर्पण की भावना से "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र पर आगे बढ़ रही है। शिरीष अग्रवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि रखा। वे 1937 में संघ के प्रचारक बने और भारतीय जनसंघ की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। उनका पूरा चिंतन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान पर केंद्रित था। प्रभुनाथ मिश्रा ने एकात्म मानववाद को भारतीय संस्कृति का मूल बताते हुए कहा कि यह विचार मानव मात्र की समग्र उन्नति की बात करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक भूमिका का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम का समापन एक घंटा राष्ट्र को, एक घंटा देव को के संकल्प और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, चिन्ना केशवालु, पुनम शुक्ला, चंद्रकांता मांडले, गोपाल कृष्ण वर्मा, महामंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा,नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला मंत्री विनोद सिंह, भारती साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, सौरभ जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पार्टी हाईकमान के निर्देश, बैठक में निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- संगठन सृजन अभियान के तहत नई दिल्ली में जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा भवन नई दिल्ली में आयोजित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत देशभर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राकेश ठाकुर, दुर्ग अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बैठक में शिरकत की। प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उपस्थित जिलाध्यक्षों को संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को मजबूती देने के लिए पारदर्शिता, सक्रियता और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष की आवश्यकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय, युवाओं की भागीदारी, महिला सशक्तिकरण और किसानों-मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को संगठन का मूल आधार बताते हुए जिलाध्यक्षों से जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने निर्देश दिए। केसी वेणुगोपाल ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, डेटा आधारित कार्यप्रणाली अपनाने और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने पर विशेष जोर दिया। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्षों का परिचय लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से करवाया। प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ के संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

### मृतकों के परिजनों को मिली 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान नंबर 411 सरस्वती नगर, तहसील व जिला दुर्ग निवासी योगेश चक्रधारी की विगत 4 सितम्बर 2022 को सांप के काटे जाने पर उनके परिजन मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान योगेश की मृत्यु 5 सितम्बर 2022 को हुई थी। इसी प्रकार ग्राम लिमतरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी सौम्य सेन की मृत्यु विगत 1 जून 2024 को अमलेश्वर काली मंदिर के सामने तालाब में नहाने के दौरान पानी में डुबने से मृत्यु और ग्राम कुगदा तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी भरत यादव की मृत्यु विगत 03 अक्टूबर 2024 को सत्य नगर कुगदा के दम्मा तालाब में नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# उरला शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान, पांच सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- कचरा प्रबंधन व सस्टेनेबिलिटी विषय पर भेजी गई प्रोजेक्ट को मिली सराहना



विप्रो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय पाटन दुर्ग के पांच छात्रों और एक गाइड शिक्षिका को बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। पूरे देश के लगभग दो हजार प्रोजेक्ट में से राष्ट्रीय स्तर पर 25 प्रोजेक्ट का चयन हुआ है जिसमें से एकमात्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय का चयन हुआ है। यह पूरे राज्य एवं दुर्ग जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

प्राचार्य के नेतृत्व और शिक्षिका ललित किशोरी साहू के निर्देशन में विद्यालय के छात्रों कुमारी संध्या साहू, कुमारी भूमिका निषाद, एनिश पटेल, गिरेन्द्र साहू और चंदन विश्वकर्मा ने कचरा प्रबंधन व सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सेंटर ऑफ एन्वायरमेंट एजुकेशन लखनऊ को रिपोर्ट भेजी गई थी।

इसे राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु भेजा गया। इसके पश्चात इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया जिसके लिए मार्गदर्शक शिक्षक व पांच छात्रों को विप्रो फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। 28 से 31 जनवरी के बीच अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर और ईसीजी के ग्लोबल हेड और विप्रो फाउंडेशन मैनेजिंग ट्रस्टी पीएस नारायण की मौजूदगी में प्रमाण पत्र, विद्यालय को पचास हजार रुपए की धनराशि व शिक्षक और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण किट प्रदान की गई।

# यात्रियों को नहीं मिल रही ट्रेन की सुविधा स्टेशन में एस्क्लेटर सिर्फ एक प्लेटफार्म में

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कांग्रेस ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

हर बार की तरह रेल बजट में बिलासपुर जोन और छत्तीसगढ़ के यात्रियों की अनदेखी का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। वर्तमान में ट्रेनों में रिजर्वेशन तो दूर वेटिंग भी नहीं मिल पा रही है। देश के प्रमुख नगरों में जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर ने कहा कि दुर्ग रेलवे स्टेशन उपेक्षा का शिकार है। पिछले पांच महीने से एस्क्लेटर बंद है। मेंटेनेंस के नाम पर इसे बंद रखा गया है। सुविधा सिर्फ



एक नंबर पर ही दी गई है, जबकि डाउन लाइन पर भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनें गुजरती है। प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के यात्रियों को रैम्प या फुट ओवर ब्रिज से आवाजाही करनी पड़ी है। इस वजह से बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। बैटरी चलित वाहन शो-पीस की तरह रखे हुए हैं। केवल वीआईपी को ही इसे सेवा को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने 22511/22512 मुंबई एलटीटी-कामख्या कर्मभूमि, 22865/22866 मुंबई एलटीटी-पुरी, 12261/12262 मुंबई-हावड़ा दूरंतो, 01149/01150 ठाणे-संकरेल गुड्स मिक्स्ड एक्सप्रेस का ठहराव दुर्ग स्टेशन में दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा 12855 बिलासपुर - इतवारी इंटरसिटी का ठहराव पॉवरहाउस में देने की मांग की है। इसके अलावा 12535/12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ, 12913/12914 नागपुर-इंदौर त्रिशताब्दी, 12923/12924 नागपुर-आंबेडकर नगर महू को दुर्ग से चलाने की मांग की है। इसके अलावा पुरी-इंदौर हमसफर, नांदेड़-संतरागाछी, कोरबा-यशवंतपुर वेनगंगा, पुरी-अजमेर, बिलासपुर-पुणे, बिलासपुर-भगत की कोठी, बिलासपुर-बीकानेर, पुरी-साईं नगर शिरडी के फेरे बढ़ाने की मांग की है।

## वार्ड 17 श्यामनगर में गंदगी का अंबार, वार्डवासियों ने की शिकायत

# कचरा, गंदगी के बीच कीटनाशक का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- वार्डवासियों ने की शिकायत

भिलाई-चरोदा नगर पालिक निगम के वार्डों में से सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद व वार्डवासियों ने कलेक्टर के नाम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं हो रही, कचरा समय पर नहीं उठ रहा और नालियों में कीटनाशक का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा। लोगों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान वार्डों के पार्षद भी मौजूद थे।श्यामनगर वार्ड 17 के निवासियों ने नगर पालिक निगम आयुक्त को दिए आवेदन में बताया है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर लगातार गंदगी फैली रहती है। पहले कचरा गाड़ी हर दूसरे दिन आती थी, लेकिन अब अनियमित रूप से आने के कारण मोहल्लों में कचरा जमा हो रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नालियों में कभी कीटनाशक का छिड़काव नहीं किया गया, जबकि यह नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए।



कई गलियों में गोबर और कचरा पड़ा रहता है, जिसे उठाने कोई कर्मचारी नहीं आता। वार्डवासियों का सवाल है कि जब निगम हर महीने सफाई के नाम पर कर वसूल रहा है, तो फिर रोजाना सफाई क्यों नहीं हो रही। आवेदन में साफ लिखा गया है कि अगर महीने में केवल 15 दिन ही सफाई हो रही है, तो कर भी 15 दिन के हिसाब से लिया जाए। वहीं मौके पर मौजूद भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया है कि जब भी निगम प्रशासन से पूछा जाता है तो पैसे की कमी बताई जाती है। नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन के पास झाड़ू खरीदने तक की पैसे नहीं है।

कचरा उठाने वाले ट्राली भी जर्जर हो चुके हैं। साफ सफाई व विकास कार्यों के लिए शासन से लाखों रुपए मिलने के बाद भी सभी कार्यों ठप पड़े हुए है। आयुक्त ने शीघ्र समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान रेखलाल साहू, भोजराम भलावी, कन्हैयालाल यादव, दयालु राम वर्मा, परदेशी राम श्रीवास, वार्ड 38 पार्षद तुषांत वर्मा, वार्ड 24 पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा, वार्ड 11 पार्षद रामखिलावन वर्मा, वार्ड 21 पार्षद, वार्ड 28 पार्षद डी शोभारानी वेंकट राव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

# मां गंगा मैया मंदिर में दो दिवसीय गौ कथा का शुभारंभ, गौ माता के महत्व पर हुआ विस्तृत प्रवचन

## मां गंगा मैया मंदिर में गौ कथा, पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां गंगा मैया मंदिर मंदिर स्थित स्वामी आत्मानंद स्मृति हर मंच में आयोजित दो दिवसीय गौ कथा में प्रथम दिवस पर स्वामी गोपालन महाराज के कृपा पात्र शिष्य भारत महाराज द्वारा सर्वप्रथम गौ माता की पूजा दीप प्रज्वलन एवं व्यासपीठ पूजा से शुभारंभ हुई।

संगीत की मधुर सुरभि वातावरण में गो कथा कहते हुए स्वामी ने विभिन्न –दृष्टांत एवं पौराणिक उदाहरण से स्पष्ट करती हुई अपने प्रवचन में कहा कि गाय माता सृष्टि का आधार है, वराह पुराण के कथन का आश्रय लेते आपने कहा की भगवान वाराह ने पृथ्वी को अपने दाढ़ में दबाकर बाहर निकाल समय उन्होंने पृथ्वी माता को गाय माता की कथा सुनाई। अपने प्रवचन में स्वामी जी ने गाय माता के आध्यात्मिक व्यवहारिक और वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए बताया कि एक दिन भगवान कृष्ण मां यशोदा से जिद करने लगे कि मैं भी गोचरण को जाऊंगा तब मन परेशान होकर नंद बाबा को औगत कराया।



नंद बाबा ने भगवान कृष्ण का समर्थन करते हुए भगवान कृष्ण को कहा कि इस हेतु हमें मुहूर्त निकालने पड़ेगी, हम किसी अच्छे आचार्य से मुहूर्त निकलेंगे और आपको गोचरण में भेजेंगे, भगवान श्री कृष्ण फिर जीद करने लगे कहने लगे कि मुझे मुहूर्त नहीं देखनी है मैं तो अभी कोचाराम को जाऊंगा ठीक उसी समय गर्गाचार्य का आगमन हुआ नंद बाबा ने आचार्य जी से पूछा की आचार्य प्रवर मेरा पुत्र कृष्ण को चरण को जाना चाहता है तब गंगा आचार्य जी महाराज ने कहा कि बालकृष्ण ने ठीक मुहूर्त में रोया है कल ही गोपाष्टमी है और गोचरण प्रारंभ करने की तिथि तिथि है और फिर कृष्ण मुस्कुराए तुरंत ही अपने बाल शाखों को अवगत कराया कि मैं भी कल गोचरण को जाऊंगा, सुबह उठकर के भगवान श्री कृष्ण ने स्नान आदि से निवृत होकर गोचरण के लिए लकुटी थाम कर निकले तो पैर में पादुका नहीं थी देखकर मां यशोदा ने रोक टोक की तब बालकृष्ण ने कहा मां आप मंदिर जाते हैं कुल देवता की तो कितने देवता हैं बोले यही कोई पांच सात देवताओं का पूजन करती हूं क्या वहां पादुका पहन कर जाते हो मां ने कहा नहीं फिर मेरी गौ माता में तो 33 कोटि देवताओं का निवास है मैं उनके चरण में कैसे पादुका धारण करके जाऊंगा मां ने बालकृष्ण के इस विनोदी वार्ता को सुनकर सुख माना। शिव पुराण की कथा का आश्रय लेकर गौ कथा कहते हुए स्वामी जी ने कहा कि जिस दिन देवताओं के चूक से भगवान शिव नाराज हो गए तो देवताओं उर्वशी से प्रार्थना की उर्वशी उर्वशी ने कहा कि इस समय भगवान शिव कुपित हैं उनके क्रोध अग्नि को शांत करने के लिए आपको गौ आराधना करनी पड़ेगी देवताओं ने उर्वशी की कथन को स्वीकार कर कामधेनु मैया का आग्रह किया तब कामधेनु मैया ने जाकर भगवान शिव के ऊपर में गो दुग्ध का अभिषेक किया गो दुग्ध के अभिषेक से भगवान शिव जी के क्रोध शीतलता में बदली ठीक इसी तरह से भगवान गणेश जी के पूजन पर कथा कहते स्वामी जी ने कहा कि भगवान गणेश जी प्रथम पूज्य क्यों है भ्रांति है कि उन्होंने अपने माता–पिता का परिक्रमा करके प्रथम पूज्य होने का वरदान पाया जबकि वास्तविकता यह है की तीज पर्व की उपासना करते हुए मातेश्वरी पार्वती जी ने गोबर का लेप लगाकर फिर स्नान किया इस गांव में और शरीर के मेल से पुत्र को उत्पन्न किया जिसका नाम उन्होंने गणेश रख जब देवताओं के भीतर में प्रथम पूज्य होने की होड़ मची तब भगवान नारायण ने कहा कि इसका समाधान सिर्फ भगवान से भी कर सकते हैं क्योंकि वे धर्म रूल है धर्म रूड होकर के ही कोई न्याय कर सकता है ।

## खबर संक्षेप

### ड्यूटी से नदारद मिले पशु चिकित्सा अधिकारी निलंबित

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 (1) (क) के अंतर्गत डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी मोहला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में डॉ. अम्बुलकर का मुख्यालय कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के प्रतिवेदन के आधार पर डॉ. अम्बुलकर के विरुद्ध शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता बरतने के गंभीर आरोप पाए गए हैं। जांच के दौरान यह पाया गया कि वे जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहते थे। विभाग की अद्यतन जानकारी देने में असमर्थ रहे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वे बिना किसी सूचना के मुख्यालय से नदारद मिले। धान उपार्जन केंद्र भोजटोला में नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाए जाने के बावजूद उन्होंने वहां अपनी उपस्थिति नहीं दी और शासकीय योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशों की भी निरंतर अवहेलना की। उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया और संभाग आयुक्त श्री राठौर ने डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## प्रवचन : मां झरन मैय्या महिला समिति की अनुकरणीय भूमिका

# मां झरन मैय्या प्राचीन मंदिर में तृतीय वर्ष श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मां झरन मैय्या प्राचीन मंदिर परिसर में तृतीय वर्ष श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ भव्य रूप से संपन्न हो रहा है। यह पावन आयोजन 8 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित है, जिसका समापन महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति, धर्ममय वातावरण और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथावाचक आचार्य पंडित जितेंद्र महाराज चैतन्य की ओजस्वी, भावपूर्ण और भक्तिरस से परिपूर्ण वाणी ने कथा स्थल को शिवमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा का प्रत्येक प्रसंग श्रद्धा, संस्कार, संस्कृति और सनातन परंपराओं की जीवंत अनुभूति कराता दिखाई दे रहा है।

**चौथे दिन शिवभक्ति का भावविभोर प्रसंग:** कथा के चौथे दिवस माता सती की कथा, तपस्या, त्याग और समर्पण का अत्यंत भावनात्मक वर्णन किया गया। इसके पश्चात शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का दिव्य वर्णन सुनाया गया, जिससे पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति रस में डूबते नजर आए और संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।





**शिव-पार्वती विवाह : आस्था, परंपरा और भव्यता का संगम:** कथा प्रसंग के पश्चात भगवान शिव एवं माता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक विधि-विधान और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ भव्य रूप से संपन्न कराया गया। भगवान शिव की बारात वार्ड क्रमांक 18 स्थित राजबाड़ा मंच से बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों, भजनों और शिवगणों के नृत्य-गान के साथ निकाली गई।

रामधुनी उत्सव समिति द्वारा पूजा-अर्चना एवं स्वागत-सत्कार के पश्चात बारात मुख्य मार्गों से होते हुए माँ झरन मैय्या मंदिर पहुंची। बारात में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 18 की जनता बाराती बनी, जबकि कन्या पक्ष में वार्ड क्रमांक 10 एवं 12 के श्रद्धालुजन सम्मिलित रहे। मंदिर के मुख्य द्वार पर बारात का भव्य स्वागत कर उसे कथा मंच तक लाया गया, जहां वैदिक परंपराओं के अनुसार शिव-पार्वती विवाह संपन्न हुआ।

**जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी सहभागिता:** इस पावन अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, पार्षद प्रदीप बाघ एवं पार्षद मोनिका साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और सभी ने 0 सामूहिक रूप से धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा उपरांत कथावाचक आचार्य पंडित जितेंद्र महाराज, परायणकर्ता पंडित कृष्णा तिवारी शास्त्री तथा संगीतकार कन्हैया लाल चौहान, विजय कुमार चौहान एवं किसन कुमार चौहान का सम्मान धोती-कुर्ता एवं गमछा भेंट कर किया गया।

### समिति द्वारा सम्मान एवं धार्मिक परंपराओं का निर्वहन

समिति की ओर से तोरण लाल साहू, प्रदीप बाघ एवं मोनिका साहू का शिव गमछा से सम्मान किया गया। यह सम्मान समिति के वरिष्ठ संरक्षक व मंदिर प्रभारी रमेश मित्तल, अध्यक्ष महेश सहारे, सचिव नरोत्तम सागर, कोषाध्यक्ष सोहन भारद्वाज एवं सह-कोषाध्यक्ष अरुण अरोरा द्वारा किया गया। इस शिवमहापुराण कथा के यजमान राधा नरोत्तम सागर द्वारा पार्वती मैय्या के कन्यादान प्रसंग में श्रद्धापूर्वक पांच बर्तन एवं चांदी भेंट की गई। वहीं पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा टिकावन भेंट अर्पित कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में माँ झरन मैय्या महिला समिति की सदस्यों ने सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ दिन-रात परिश्रम कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रमुख रूप से: चमेली यादव, सोनिया यादव, पूर्णिमा यादव, कुसुम बोरकर, गंगोत्री साहू, प्रभा साहू, चितरेखा सेन, अमरीका विश्वकर्मा, कुमारी ठाकुर, सुखबती साहू, निर्मला साहू, पार्वती विश्वकर्मा, देवा विश्वकर्मा, श्यामा बाई ठाकुर, स्वीटी, धानी, विद्या सहित अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा,यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक बन गया है। माँ झरन मैय्या की कृपा से यह शिवमहापुराण कथा दल्लीराजहरा क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक जागरण, धर्मप्रचार और सांस्कृतिक एकता का सशक्त केंद्र बनकर उभरी है।

# गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर सहित पांच प्रतिमाएं खंडित, कला जगत में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोन्यूमेंट के पास नीचे गिरे हुए मिली प्रतिमाएं

सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोन्यूमेंट में स्थापित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर सहित अन्य 5 प्रतिमाओं को नीचे गिरा हुआ पाया गया। इस घटना से शहर के कला और साहित्य जगत में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलते ही कला साहित्य बिरादरी के सदस्य स्थल पर एकत्रित हुए और नगर प्रशासन विभाग से गुरुदेव तथा अन्य प्रतिमाओं को शीघ्र पुनः स्थापित करने की मांग की। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि ने मौके पर उपस्थित होकर समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। कला साहित्य मित्र समूह कवच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने इसे अत्यंत दुःखद और निंदनीय बताते हुए कहा कि भिलाई इस्पात नगरी हमेशा से सामाजिक सौहार्द और एकता की मिसाल रही है। जहां भारत की विभिन्न संस्कृतियों का मिलाप हमेशा से देखने को मिलता है। भिलाई में इस तरह की घटना बहुत ही दुखद है। गुरुदेव केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्वबंधुत्व के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा का अपमान हमारी सामूहिक चेतना को आहत करता है। अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती ने कहा कि पायोनियर मॉन्यूमेंट जैसे गौरवपूर्ण स्थल पर स्थापित मूर्तियों को गिरा दिया गया है। उन्हें बिना किसी विवाद के पुनः सम्मान सहित स्थापित किया जाना चाहिए। शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि गुरुदेव के विचार आज भी शांति और प्रेम का पथ आलोकित करते हैं, आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सौहार्द और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करें। इस दौरान सरसीज घोष,मनोज ठाकरे, मिथुन दास, बबलू विश्वास, शांतनु दासगुप्ता, मनोरंजन दास, प्रदीप मित्रा आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एक और लाटरी का ऐलान किया गया है। जिसके तहत अनेक नागरिको को स्वयं का आवास पाने का सौगात मिलेगा। इस योजना का उददेश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों और मध्यवर्गीय वर्ग के लोगों को सस्ती दरों पर घर उपलब्ध कराना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 12 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे निगम मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आवास आबंटन की लाटरी आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। आवेदन करने के बाद पात्र हितग्राहियों को लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किया जायेगा और आवास आबंटित होंगे।

## पेज 11 के शेष

### महाशिवरात्रि पर ...

रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत रात 11 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने सभी आस पास के ग्रामीण जनों से अपील किया हैं कि इस कार्यक्रम "महतारी के आंशु" छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य पार्टी, संसारगढ़ (अम्बागढ़ चौकी, जिला के.सी.जी., छत्तीसगढ़) अपनी प्रस्तुति देगी, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। महाशिवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की गई है।

### मडियाकट्टा-कसही ...

जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों, छात्रों और मरीजों का आवागमन होता है। खराब सड़क न केवल दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे रही है, बल्कि शासन की योजनाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही है।

# 15 को निकलेगी भोले बाबा की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ भोले बाबा की बारात को लेकर पुलिस प्रशासन और समिति की हुई बैठक

महाशिवरात्रि पर बोल बम सेवा और कल्याण समिति द्वारा 15 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की बारात निकली जाएगी। भोले बाबा की बारात में दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश के हजारों लोग शामिल होंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के अध्यक्षता में बोल बम समिति की बैठक हुई।

बैठक में समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि बाबा की बारात में शामिल होने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित वरिष्ठ मंत्रियों और लोगों को आमंत्रण पत्र दिया गया है। बाबा की बारात में वीवीआईपी लोग शामिल होंगे। दया सिंह ने बताया कि भोले बाबा की बारात दोपहर 2 बजे से निकलेगी। बारात दोपहर 2 बजे इंदिरा नगर हथखोज वार्ड 1 से प्रस्थान कर राम जानकी शिव मंदिर में पूजा अर्चना होगी। ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए केनाल रोड, कार्तिकेय चौक, बोलबम चौक, नंदी तिराहा, जोन-1 शिव मंदिर होते हुए जोन-2 श्रीराम चौक होते हुए दुर्गा मैदान खुर्सीपार में विवाह स्थल पर समापन होगा। इस दौरान यातयात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए एवं कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की आवश्यकता है। इसपर एएसपी राठौर ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा रूट चाट तैयार के साथ ही अलग-अलग पॉइंट बनकर पुलिस की तैनात की जाएगी। बैठक में समिति के सुनील गोयल, मुकेश शर्मा, प्रमोद सिंह, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, प्रशांत कुमार, राकेश प्रसाद आदि शामिल थे।

# हीमोफीलिया पीड़ित छात्र के लिए उपलब्ध कराया इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने हीमोफीलिया पीड़ित छात्र की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। भिलाई टाउनशिप निवासी कक्षा दसवीं के छात्र आरूष के लिए विधायक ने तत्काल हीमोफीलिया बी फेक्टर-9 इंजेक्शन की व्यवस्था की और उसे छात्र की माता बी शारदा पखाले को सौंपा। इस पहल के लिए छात्र के परिजनों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छात्र आरूष हीमोफीलिया बी फेक्टर-9 की कमी से पीड़ित है। इस बीमारी में शरीर में क्लॉटिंग फैक्टर्स की कमी के कारण चोट लगने पर खून आसानी से नहीं जमता, जिससे आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव का गंभीर खतरा बना रहता है। समय पर इंजेक्शन न मिलने से असहनीय दर्द और अंगों के खराब होने का डर रहता है।आरूष की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने वाली हैं। ऐसे नाजुक समय में परिवार इंजेक्शन की अनुपलब्धता के कारण काफी परेशान था। परिजनों ने जब विधायक रिकेश सेन से मदद की गुहार लगाई, तो उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इंजेक्शन मंगवा कर पाखले परिवार को राहत पहुंचाई। विधायक सेन ने केवल तात्कालिक सहायता ही नहीं की बल्कि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न आए, इसके लिए ठोस कदम उठाए हैं।



# परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े वाहनों में चोरी और 6 लाख का मोबाइल पार करने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना, खेल मैदान के वाहनों को भी करता था चोरी

खेल मैदान और परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े वाहनों की चोरी और मोबाइल पार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर संदेह के आधार पर कातुलबोर्ड हरिनगर दुर्ग जो स्थायी जबलपुर एमपी निवासी शुभम श्रीवास को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि स्कूटी समेत अन्य वाहनों के डिक्की से मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड चोरी करता था। आरोपी मोबाइल को सामान्य लॉक पैटर्न के जरिए अनलॉक कर लेता था। बैंक खातों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर पैसे भी निकाला करता था। चोरी के मोबाइल से ही वो अपना खर्च चला रहा था।



आरोपी सेक्टर-7 भिलाई में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खड़े वाहनों से तीन मोबाइल फोन, कार की चाबी समेत अन्य सामान पार करने की शिकायत मिली थी। जांच में पता चला कि आरोपी शुभम श्रीवास खेल मैदानों और परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाता था।

आरोपी के पास से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल जब्त किया हैं। उक्त सामानों की कीमत 6 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

**// शपथपत्र //**

हेमलता पति श्री घनश्याम सिंह, उम्र लगभग 38 वर्ष, जाति-कुम्हार, निवासी ग्राम व पोष्ट-खेरथा तह. मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) मैं उपरोक्त शपथकर्ती निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँः-

1. यह कि, मुझ शपथकर्ती का नाम विवाह के पहले ठगिया चक्रधारी पिता रामकृष्ण चक्रधारी जाति कुम्हार ग्राम कचना तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग. के नाम से जानी पहचानी व पुकारी जाती थी तथा प्रसिध्द थी एवं मेरे शिक्षा विभाग के रिकार्डो में भी यही नाम अंकित है।
2. यह कि मेरी विवाह दिनांक 28/04/2009 को घनश्याम सिंह पिता रोहित कुमार जाति कुम्हार निवासी ग्राम खेरथा तहसील मार्री बंगला देवरी जिला बालोद छ.ग. वाले के साथ हिन्दू रिति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न हुई है।
3. यह कि मेरा पूर्व का नाम ठगिया चक्रधारी के स्थान पर विवाह पश्चात अब मुझे हेमलता पति घनश्याम सिंह के नाम से जाना जाये एवं समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मुझे हेमलता पति घनश्याम सिंह के नाम से जाना जावे।
4. यह कि, शपथकर्ती द्वारा अपने स्वयं के उक्त दोनो नाम में एक रूपता लाने शपथकर्ती छ.ग. राजपत्र में आधार कार्ड एवं शपथपत्र पत्र के आधार पर नाम परिवर्तन कराना चाहती है।
5. यह कि, शपथपत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी शपथकर्ती की होगी।

**शपथकर्ती**

**सत्यापनः**- मैं शपथकर्ती हेमलता पति श्री घनश्याम सिंह तसदीक करती हूँ कि शपथपूर्वक बयान कंडिका 01 से 05 तक के कथन मेरे अधिकतम एवं निजी/ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 26/11/2025 को मुकाम डौण्डीलोहारा में पढ़/पढ़ाकर समझकर हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।

**हेमलता**
**सत्यापनकर्ती**

समक्ष :- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

राधेलाल पिता हेमनाथ, उम्र लगभग 63 वर्ष, जाति-मरार, निवासी ग्राम व पोष्ट-सम्बलपुर तह. डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.) .....शपथकर्ता

**शपथपत्र**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँः-

1. यह कि, शपथकर्ता के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज अंकसूची एवं आधार कार्ड में नाम राधेलाल पिता हेमनाथ दर्ज है तथा मुझ शपथकर्ता के नाम पर साकिन सम्बलपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. सम्बलपुर तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद छ.ग. में कृषि भूमि दर्ज है जिसके किसान किताब एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में राधे पिता रतीराम दर्ज है। वर्तमान में मैं राधेलाल पिता हेमनाथ के नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ।
2. यह कि, मुझ शपथकर्ता का वास्तविक व सही नाम राधेलाल पिता हेमनाथ है, जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि, शपथकर्ता द्वारा अपने स्वयं के उक्त दोनो नाम में एक रूपता लाने शपथकर्ता छ.ग. राजपत्र में शैक्षणिक दस्तावेज एवं आधार कार्ड के आधार पर ऋण पुस्तिका में नाम परिवर्तन कराना चाहता है।
4. यह कि, शपथपत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।

**शपथकर्ता**
**राधेलाल**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता राधेलाल पिता हेमनाथ तसदीक करता हूँ कि शपथपूर्वक बयान कंडिका 01 से 04 तक के कथन मेरे अधिकतम एवं निजी / ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 11/02/2026 को मुकाम डौण्डीलोहारा में पढ़ पढ़ाकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

**सत्यापनकर्ता**
**राधेलाल**

# आईआईटी की बस्तर क्षेत्र में कौशल विकास और रोजगार सृजन करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई आईटीआई बस्तर क्षेत्र में कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा प्रौद्योगिकी आधारित ग्रामीण परिवर्तन को नई दिशा देने की पहल की है। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई एवं जिला प्रशासन, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता जापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत दंतेवाड़ा में ट्राइबल रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क की स्थापना की जाएगी। समझौता जापन पर हस्ताक्षर प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई तथा देवेश कुमार ध्रुव (आईएएस), कलेक्टर, दंतेवाड़ा की उपस्थिति में हुआ।

### आधारभूत संरचनाओं के अनुरूप सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होंगे विकसित

भिलाई आईआईटी की पहल के तहत जिले की उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं को एक सुव्यवस्थित एवं पेशेवर रूप से संचालित उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में विकसित किया जाएगा। जो जनजातीय युवाओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, अनुप्रयुक्त अनुसंधान, नवाचार तथा उद्यमिता संवर्धन पर केंद्रित होगा। समझौते के अनुसार आईआईटी भिलाई शैक्षणिक एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा, जिसमें पाठ्यक्रम निर्माण, अनुसंधान समेकन, प्रौद्योगिकी अनुकलन तथा संस्थागत सुदृढ़ीकरण शामिल होगा।

## बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं माता-पिता, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी घर में प्रदान करें

**भिलाई।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने मां सरस्वती के तेल चित्रण पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति छत्तीसगढ़ की पारम्परिक संस्कृत भारत की सांस्कृतिक से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। वहीं संस्था के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते है। इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी घर में प्रदान करे। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, हम उसको जिस सांचे में डालना चाहते हैं, उसमें वो ढल जाते हैं। हमें बच्चों को सही दिशा और शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, ताकि वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### होली से पहले धान बोनस भुगतान का निर्णय किसानों के हित में: सुनीता



**गुरूर।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को होली पर्व के पहले धान खरीदी की बोनस की राशि दिए जाने निर्णय को अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू ने किसानों के हितैषी सरकार बताया है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार लगातार किसानों कि हितैशी जहां प्रति एकड़ 21 कुंतल धान खरीदी कर अंतर की राशि किसानों के खाते में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से किया गया वादा पूरा किया जा रहा है तो वही महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह माताओं के खाते में 1000 की राशि देकर सम्मान किया जा रहा है। आपको बता दें कि 11 फरवरी को हुए मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा।

### परेशानी के कारण शिक्षिका ने की थी आत्महत्या

**भिलाई।** महिला शिक्षक की बाथरूम में जले हालत में मिले शव मामले में घटना स्पष्ट हो गया है। शिक्षिका नने सुसायडल नोट लिखा है जिसमें लिखा है कि मैं शारीरिक परेशानी की वजह से यह कदम उठा रही हूं। इसकी जिम्मेदार मैं स्वंय हूं। उसके बाद महिला ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग काम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 8 सड़क 11 निवासी रजनी देवांगन ने स्वयं बाथरुम को भीतर से बंद कर स्वयं को आग लगा ली। घटना में उसकी लाश जली हालत में पड़ी मिली। मृतका रजनी को शारीरिक परेशानी थी। इस कारण आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाया।

# ककरेल में फाइलेरिया रोधी और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान, स्कूली बच्चों को दी दवा

### स्वास्थ्य विभाग ने चलाया विशेष अभियान : ककरेल के स्कूली बच्चों को दी गई फाइलेरिया और कृमि नाशक दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा के समीप स्थित माध्यमिक शाला ककरेल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया रोधी एवं कृमि नाशक दवा सेवन अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर पोषण, स्वस्थ शारीरिक विकास एवं फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दवाइयों का सेवन कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बच्चों को उनकी उम्र एवं लंबाई के आधार पर अल्बेंडाजोल एवं कृमिनाशक गोलियों का सेवन कराया गया, ताकि दवाओं का सुरक्षित एवं प्रभावी लाभ सभी बच्चों को मिल सके। दवा सेवन के दौरान विशेष सावधानी बरती गई और बच्चों की निगरानी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गई।



#### स्वास्थ्य शिक्षा व जागरूकता

कार्यक्रम के दौरान डॉ. योगेश कुमार साहू ने बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए स्वच्छता, पोषण, नियमित दवा सेवन, साफ पानी के उपयोग एवं फाइलेरिया व कृमि संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर इस प्रकार के अभियानों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होता है और भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा मिलती है।

#### अभियान में रहा सामूहिक सहयोग

इस फाइलेरिया उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूनम नेताम, मितानिन कुंवर बाई, टामिन बाई, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सोहन लाल जैन, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक पवन कुमार यादव, शिक्षक सुमरित ठाकुर, जैलेंद्र रामटेके, ओमप्रकाश सोयाम, हलधर साहू, सोहन लाल ठाकुर सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल:** यह अभियान बच्चों को फाइलेरिया एवं कृमि संक्रमण से सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। विद्यालय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को भी नई मजबूती मिली।




## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में रासेयो स्वयंसेवकों का सहयोग गुरूर के स्कूलों में खिलाई गई दवा



**गुरूर।** स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूर नगर के विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार फाइलेरिया एवं कृमिनाशक की गोली डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टीन की दवाई खिलाने में सहयोग प्रदान किया। स्वयं सेवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में दवाई खिलाने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा निर्देश दिया गया। तत्पश्चात स्वयं सेवकों को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ रवाना किया गया। स्वयं सेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर, आत्मानंद स्कूल, केन एकेडमी स्कूल, शासकीय उच्च. माध्य. बालक स्कूल, मां बहादुर महाविद्यालय तथा शासकीय महाविद्यालय गुरूर के छात्र छात्राओं को दवाई सेवन में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय के स्वयं सेवक हमेशा विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय और सामाजिक कार्यक्रम में निःस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करते रहते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस भारती, प्रशिक्षक के आर उर्वशा डॉ डी आर ठाकुर एवं चिकित्सक टीम के मार्गदर्शन में दिव्या, विक्की, विशाल, प्रवीण, द्रोण कुमार, कविता, चांदनी, अल्का, दिव्या कोर्राम, तामेश्वर, नवीन, माही, तुषा, हिमांशु, आराधना आदि स्वयं सेवकों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। स्वयं सेवकों के सेवाभाव की सराहना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो केएल रावटे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जीएस देवांगन तथा समस्त प्राध्यापक एवं स्टॉफ ने बधाई प्रेषित किए हैं।

## फीफा फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम में कलेक्टर मिश्रा ने की शिरकत








**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेलकुद में भी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य होता है, व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास इसके लिए मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक रूप से फिट होना अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर मिश्रा पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) द्वारा आयोजित फुटबॉल फॉर स्कूल प्रोग्राम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रही थीं। कलेक्टर मिश्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। समारोह में कलेक्टर मिश्रा एवं अतिथियों के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को फुटबॉल भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने स्कूली विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने फुटबॉल खेल के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फुटबॉल खेल के माध्यम से खिलाड़ियों में नेतृत्व के गुणों का विकास के साथ–साथ अनुशासन, भाईचारा, संयम आदि उच्च स्तरीय मानवीय गुणों का भी विकास होता है। मिश्रा ने कहा कि इस तरह से फुटबॉल का खेल हम सभी को जीवन जीने का तरीका सिखाता है।

■ खेलों से विकसित होते हैं नेतृत्व और अनुशासन के गुण : कलेक्टर

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पूरे समपर्ण, लगन एवं मनोयोग के साथ विद्या अध्ययन कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने की सीख भी दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को खाली समय में शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए खेलों में भी अनिवार्य रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को अपने बीच बुलाकर स्नेह एवं आत्मीय दुलार भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने इंटरनेशनेल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के कार्यों एवं उद्देश्यों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट फुटबॉल खेल का प्रदर्शन करते हुए आने वाले समय में फीफा में भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपनी बहुमूल्य योगदान देने को कहा। इस अवसर पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के प्राचार्य एनपी नामदेव ने के इस समारोह में बहुमूल्य उपस्थिति के लिए कलेक्टर मिश्रा एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

प्राचार्य नामदेव ने कलेक्टर मिश्रा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के विभिन्न मांगों का त्वरित निराकरण करने के लिए हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय के अटल टिकरिंग लैब, स्मार्ट क्लास आदि का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य नामदेव एवं शिक्षकों से जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन–अध्यापन, भोजन, आवासीय एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के अपने माता, पिता एवं उनके परिजनों से मुलाकात हेतु निर्मित किए जा रहे निर्माणाधीन विजिटिंग रूम का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को विजिटिंग रूम के निर्माण कार्य में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## भर्रीटोला में दो दिनी सस्वर मानस गान सम्मेलन आज से, 15 फरवरी को महाशिवरात्रि मेला भी होगा

**कुसुमकसा।** नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों भर्रीटोला 43 के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन 13 व 14 फरवरी तथा 15 फरवरी महाशिवरात्रि मेला का आयोजन किया जा रहा है शुभारंभ 13 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे सस्वर मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ श्रीमती अनिता भेड़िया विधायक डोंडी लोहारा के मुख्य अतिथि में दीप प्रज्वलन किया जाएगा ,कार्यक्रम की अध्यक्षता माखन कोठारी (पूर्व सरपंच),विशेष अतिथि अनिल सुथार (पूर्व जनपद सदस्य), राकुमारी देहारी (सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43), बी एस ठाकुर ,मदनलाल गुनेंद्र ,बंशीराम कोठारी(ग्राम प्रमुख) ,तुलेशराम मसियारे (ग्राम पटेल), बलदुराम गुनेंद,बोधिराम भुआर्य,मनाराम गुनेंद्र,सहदेव राणा रहेंगे

नवयुवक मण्डल के सदस्यो ने बताया की मानस गान सम्मेलन के प्रथम दिवस पांच मंडली, सत्यम शिवम् सुंदरम मानस परिवार ग्राम भर्रीटोला 43,जय मां सरस्वती मानस परिवार दल्लीराजहरा,जय जय गुरुदेव भुनेश्वर हरिकीर्तन मानस परिवार परसदाकला ,जय बजरंग मानस परिवार ग्राम गढ़ बासला (संबलपुर), महतारी के मया मानस परिवार आरी कोनारी (राजनांदगांव) मंचस्थ होंगे तो वही द्वितीय दिवस 14फरवरी को सीताछी मानस परिवार सिंगदही भखारा (धमतरी),चंचल मानस परिवार टोनाटार (बलोदाबाजार),जय मार्या संस्कार बालिका मानस परिवार राजपुर(धमतरी),मुरली मनोहर मानस परिवार सिंगरोद (महासमुंद),जय निर्मल जस एवं बालिका मानस परिवार आनंदधाम , सगनी (धमधा - दुर्ग),हरिओम मानस परिवार गोडरी (अर्जुनी - राजनांदगांव) की प्रस्तुति होगी 15फरवरी रविवार को प्रतिवर्षानुसार महाशिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया है व रात्रि में जय मां शीतला , मां की ममता नाचा पार्टी चिखली (बांधा बाजार) का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है, आयोजक मंडल ने मानस गान सम्मेलन व महाशिवरात्रि मेला कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## किल्लेकोडा के विद्यार्थियों का धार्मिक एवं भौगोलिक पर्यटन भ्रमण से परीक्षा पूर्व मिली नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत गरियाबंद जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों भूतेश्वर महादेव, माता जतमई एवं माता घटारानी के दर्शन किए। यह भ्रमण डॉ. बी.एल. साहसी (व्याख्याता) के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के लगभग 55 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

■ परीक्षा पूर्व शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में दिखा उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा



भ्रमण के दौरान डॉ. साहसी ने विद्यार्थियों को भूतेश्वर महादेव से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह स्थल त्रेता युग से संबंधित किवदंतियों में वर्णित ब्रज के चार प्रमुख रक्षक शिवलिंगों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि कंस वध के पश्चात भगवान कृष्ण ने इसे ब्रज का कोतवाल नियुक्त किया था। यहां शिवजी के भूतगणों के साथ निवास की कथाएं प्रचलित हैं। इसके पश्चात ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को माता जतमई मंदिर के धार्मिक महत्व की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह देवी दुर्गा का प्रमुख शक्तिस्थल है, जहां नवरात्रि पर्व पर विशेष मेला आयोजित होता है। वहीं मुक्ति ने विद्यार्थियों को माता घटारानी एवं घटारानी जलप्रपात के भौगोलिक व पर्यटन महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह गरियाबंद जिले का प्रसिद्ध जलप्रपात है, जो विशेष रूप से वर्षा ऋतु में अत्यंत मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करता है और जहां माता घटारानी विराजमान हैं। इस शैक्षणिक एवं धार्मिक भ्रमण से छात्र-छात्राएं अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने इसे न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि मानसिक रूप से तरोताजा करने वाला अनुभव बताया। परीक्षा पूर्व इस यात्रा से उन्हें नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता मिली, जिसके बाद विद्यालय लौटकर सभी विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा की तैयारी में एकाग्रता के साथ जुट जाने कहा गया।

## तालाब गहरीकरण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रेंगनी में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य तथा सौंदयएँकरण के कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तालाब गहरीकरण कार्य में कार्यरत ग्रामीणों के बीच बैठकर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को जल का महत्व बताते हुए कहा कि जल का संरक्षण और संवर्धन हम सभी की सहभागिता से ही संभव है। कलेक्टर मिश्रा ने कार्यरत 172 मजदूरों से उनके काम एवं मजदूरी भुगतान समय पर मिलने संबंधी जानकारी ली और निर्माणाधीन सभी कार्यों को 15 मार्च तक गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जीरामजी अंतर्गत लोगो को 125 दिवस का रोजगार मिलेगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को विकसित भारत जी राम जी के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत मुख्यरूप से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, आजीविका संवर्धन, वनिकरण, बाढ़ आपदा, ग्रामीण अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने सभी हितग्राहियों से प्रत्येक घर मे सोखता निर्माण करने, गांव को साफ सुथरा रखने, धान की खेती मे परिवर्तन कर गन्ना की खेती मे बढ़ावा देने को कहा।

■ विकसित भारत अभियान के तहत कलेक्टर ने ग्रामीणों को दी रोजगार की नई सौगात



कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम रेंगनी में ग्रीष्मकालीन धान के बदले गन्ने की फसल लेने हेतु तैयार कर रहे किसान के खेत में पहुँचकर, उसके खेत का अवलोकन किया। उन्होंने किसान को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले गन्ना की फसल लाभकारी है। उन्होंने गांव के अन्य किसानों को भी ग्रीष्मकालीन धान के बदले गन्ना की फसल लेने प्रोत्साहित किया।

## विद्यार्थियों को फाइलेरिया दवा सेवन के लिए किया प्रेरित

# कलेक्टर मिश्रा ने प्राथमिक शाला खपरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्रवास के दौरान प्राथमिक शाला खपरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के क्लास रूम में पहुंचकर विद्यार्थियों से पढ़ाई–लिखाई के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों को समझाईश देते हुए कहा कि जीवन में तरक्की करने के लिए पढ़ाई–लिखाई बहुत आवश्यक है। मिश्रा ने बच्चों को पूरे मनोयोग एवं तन्मयता के साथ पढ़ाई–लिखाई कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों से मध्यान्ह भोजन में उन्हें प्रदान की जाने वाली भोजन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तलब कर स्कूलों में प्रत्येक स्थिति में मध्यान्ह भोजन का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि रसोईयों के हड़ताल पर जाने तथा किसी भी स्थिति में बच्चों के मध्यान्ह भोजन प्रभावित नही होना चाहिए। मिश्रा ने रसोईयों के हड़ताल आदि में जाने पर स्व सहायता समूह के महिलाओं से बातचीत कर प्रत्येक शाला दिवसों में मध्यान्ह भोजन का संचालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को फाइलेरिया बीमारी के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए अनिवार्य रूप से फाइलेरिया की दवाई का सेवन करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने माता, पिता एवं परिजनों को भी फाइलेरिया की दवाई खाने के लिए प्रेरित करने की भी समझाईश दी। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने प्राथमिक शाला खपरी में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष के समुचित साज–सज्जा के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

